60. पंजाब केसरी ! - 02/11/2025

## निष्ठा के साथ कर्तव्यों का पालन करने की ली शपथ



पालमपुर : नवगठित केंद्रीय छात्रसंघ की कार्यकारिणी प्राचार्य के साथ। (भृगु)

पालमपुर, 1 नवम्बर (भृगु) : शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में नवगठित केंद्रीय छात्र संघ की कार्यकारिणी को औपचारिक रूप से शपथ दिलवाई गई। मुख्यातिथि प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने नवनिर्वाचित सदस्यों को दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलवाई। केंद्रीय छात्र संघ की समन्वयक प्रोफैसर कल्पना ऋषि ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। स्नातकोत्तर प्रथम सत्र जूलॉजी की हिमानी अध्यक्ष, बी.ए. तृतीय वर्ष के शारिक उपाध्यक्ष, बी.कॉम. प्रथम वर्ष की नेहा सचिव, शगुन राणा बी.सी.ए. प्रथम सत्र संयुक्त सचिव मनोनीत किए गए। 29 मनोनीत सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष हिमानी ने कहा कि यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी है। इस दौरान आयोजित एकल सैमी क्लासिकल नृत्य में प्रथम पायल, द्वितीय अदिति, तृतीय पल्लवी, एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम कृतिका, द्वितीय अंशिता, तृतीय नित्यानंद कमलदेव, समूह नृत्य में प्रथम निशा एवं समूह, द्वितीय अंशिता पटियाल एवं समूह, तृतीय वंशिका व समूह व जंक आर्ट में प्रथम हेमंत किशोर, द्वितीय जाह्नवी व तृतीय प्रकृति रही।

61. दैनिक जागरण ! . 02/11/2025

## हिमानी सीएससीए अध्यक्ष कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में केंद्रीय छात्र संघ कार्यकारिणी के सदस्यों को प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने महाविद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने व छात्रों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

केंद्रीय छात्र संघ की समिति समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामना दी। स्नातकोत्तर प्रथम सत्र जूलाजी की हिमानी अध्यक्ष, बीए तृतीय वर्ष के शारिक उपाध्यक्ष, बीकाम प्रथम वर्ष की नेहा सचिव, शगुन राणा बीसीए प्रथम सत्र संयुक्त सचिव मनोनीत किए गए। 29 मनोनीत सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष हिमानी ने कहा कि यह पद मेरे लिए केवल सम्मान नहीं बल्कि जिम्मेदारी है तथा प्रबंधन और प्राध्यापकों के साथ मिलकर छात्र हित में काम करूंगी।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। छात्र-छात्राओं ने पुरानी वस्तुओं एवं पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। एकल सेमी क्लासिकल नृत्य में प्रथम पायल, द्वितीय अदिति, तृतीय पल्लवी, एकल गीत प्रतियोगिता में प्रथम कृतिका, द्वितीय अंशिता, तृतीय नित्यानंद कमलदेव रहे। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम निशा एवं समूह, द्वितीय अंशिता पटियाल एवं समूह, तृतीय वंशिका जबकि समूह जंक आर्ट में प्रथम हेमंत किशोर, द्वितीय जाह्नवी तथा तृतीय प्रकृति रही।



पालमपुर कालेज में सीएससीए के शपथ ग्रहण के बाद विद्यार्थी व प्राध्यापक • सौ. कालेज

classmate

परिसर में पत्थर सृजन (स्टोन क्रिएटिविटी) गतिवि...
प्रदर्शन किया। वापसी यात्रा में मंदिर परिसर व रास्ते से प्लास्टिक तथा कचरा ए...

दैनिक जागरण : 09/11/25

# पालमपुर कालेज के स्काउट्स एंड गाइड्स ने की ट्रेकिंग

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स स्थापना दिवस के अवसर पर बीरणी माता मंदिर तक एक दिवसीय ट्रेकिंग अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 18 रोवर्स एंड रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ट्रेकिंग की शुरुआत सुबह आठ बजे महाविद्यालय परिसर से हुई। प्रतिभागियों ने धौलाधार पर्वत श्रृंखला की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हुए मंदिर तक पहुंचने का सफर तय किया।

रास्ते में विद्यार्थियों ने स्थानीय वनस्पति, जीव-जंतु और पारंपरिक मिट्टी के घरों को देखकर स्थानीय संस्कृति और स्थापत्य कला की समृद्ध विरासत को समझा। सहयोग भावना और समन्वय को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभागियों को छह दलों में विभाजित किया गया। ट्रेकिंग दल दोपहर में बीरणी माता मंदिर पहुंचा, जहां सभी ने दर्शन किए और आसपास के क्षेत्र को साफ किया।

मंदिर परिसर में पत्थर सृजन (स्टोन क्रिएटिविटी) गतिविधि भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने पत्थरों द्वारा विभिन्न आकृतियां बनाते हुए कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। वापसी यात्रा में मंदिर परिसर और रास्ते से प्लास्टिक तथा कचरा एकत्रित किया गया। यह आयोजन रेंजर्स लीडर प्रो. किरण तथा प्रो. मनीषा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य पंकज सूद ने सफल आयोजन के लिए समस्त टीम को बधाई दी।



बीरणी माता मंदिर ट्रेकिंग के दौरान बतरा कालेज के विद्यार्थी • सौ महाविद्यालय

classmate

Scanned with OKEN Scanner

365. दैनिक जागरण 11/11/2025

# ताइक्वांडो में तीन पदक जीते, बढ़ाया मान



बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा कालेज की ताइक्वांडो टीम स्टाफ के साथ • जागरण

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की ताइक्वांडो (पुरुष एवं महिला) टीम ने एचपीयू इंटर-कालेज ताइक्वांडो महिला चैंपियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता छह से सात नवंबर तक राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में आयोजित की गई। महिला वर्ग में कालेज की प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने तीन पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

रानी ने स्वर्ण पदक, अंकिता ने रजत पदक और कशिश ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग में रितेश ने भी कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महिला टीम ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीम के प्रभारी प्रो. अतुल चौधरी एवं टीम कोच सुखदेव ने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने सभी विजेता खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में और अधिक पदक जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रभारी डा. खुशी राम भगत के कठिन परिश्रम को जाता है। सोसायटी की संयोजिका ले. रेनू डोगरा ने भी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# पालमपुर महाविद्यालय की कांस्य पदक विजेता महक को दी बधाई

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर: बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की महिला बाक्सिंग टीम ने हाल ही में राजकीय महाविद्यालय रामपुर में आयोजित एचपीयू इंटर-कालेज महिला बाक्सिंग चैंपियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में महक ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। टीम इंचार्ज प्रो. मयंक राणा और दिशा वर्मा ने प्रतियोगिता के दौरान टीम सदस्यों को निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप यह सफलता प्राप्त हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने विजेता खिलाड़ी महक को इस उपलब्धि पर बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में छात्राओं को और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित करेगी। इस सफलता का श्रेय महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के प्रभारी डा. खुशी राम भगत के कठिन परिश्रम को दिया गया है।



पालमपुर कालेज में पदक विजेता महिला बाक्सिंग टीम • जागरण

Scanned with OKEN Scanner

DATE

370\. दैनिक जागरण : 12/11/2025

371\. दैनिक जागरण 12/11/2025

## पालमपुर कालेज में करियर की जानकारी दी

पालमपुर : राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंक अकादमी के सहयोग से "काउंसिलिंग एवं अवेयरनेस" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। नरेंद्र सलारिया व मयंक शर्मा बतौर रिसोर्सपर्सन उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को समसामयिक विषयों, समाचार पत्र अध्ययन और सही जानकारी के माध्यम से वर्तमान घटनाओं को समझने और उनका विश्लेषण करने की तकनीक सिखाई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान करती है। करियर गाइडेंस काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डा. शैलजा वासुदेवा ने प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामना दी। (संस)

## स्वयंसेवियों ने की परिसर की सफाई

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनएसएस इकाई ने मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में हिल्दारी संस्था के सहयोग से स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों में स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। हिल्दारी संस्था के छह सदस्यों ने विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। (संस)

372\. पंजाब केसरी : 12/11/2025

373\. दैनिक भास्कर 12/11/2025

## बतरा महाविद्यालय की कैडेट्स ने आर्मी अटैचमैंट कैंप में भाग लिया

पालमपुर, 11 नवम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के एन.सी.सी. की 3 कैडेट्स मुस्कान, एकता कुमारी एवं प्रिया ने ममून मिलिटरी स्टेशन पठानकोट में 21 राजपूत रैजीमैंट द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आर्मी अटैचमैंट कैंप में भाग लिया। इस कैंप में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एन.सी.सी. की 85 गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेट्स ने विविध प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें ड्रिल, हथियारों का प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, हैल्थ एंड हाइजीन इत्यादि शामिल रहे। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने कैडेट्स को शिविर में भाग लेने के लिए बधाई दी।

## कैडेट्स ने ममून मिलिट्री स्टेशन में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में लिया हिस्सा

पालमपुर | बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनसीसी कैडेट्स मुस्कान, एकता कुमारी और प्रिया ने मामून मिलिट्री स्टेशन, पठानकोट में 21 राजपूत रेजीमेंट द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। 27 अक्टूबर से 7 नवंबर तक चले इस कैंप में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की 85 गर्ल्स कैडेट्स ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान ड्रिल, हथियार संचालन, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, हेल्थ एंड हाइजीन जैसी गतिविधियों का अभ्यास कराया गया। कैडेट्स ने सैन्य जीवन, नेतृत्व और करियर अवसरों पर विशेष सत्रों में भाग लिया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा ने बताया कि शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, एकता और सैन्य जीवन की समझ विकसित करना है। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कैडेट्स को बधाई दी।

Scanned with OKEN Scanner

दिव्य हिमाचल 13/11/2025

# विक्रम बतरा कालेज पालमपुर की कैडेट्स ने बढ़ाया मान



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के एनसीसी की तीन कैडेट्स मुस्कान, एकता कुमारी एवं प्रिया ने मामून मिलिट्री स्टेशन पठानकोट में 21 राजपूत रेजीमेंट द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। इस कैंप में प्रदेश, पंजाब, हरियाणा एवं चंडीगढ़ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से एनसीसी की 85 गर्ल्स कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेट्स ने विविध प्रशिक्षण गतिविधियों में भाग लिया। कैडेट्स ने शारीरिक प्रशिक्षण, अभ्यास, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया और उच्च स्तर का उत्साह और अनुशासन प्रदर्शित किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को सैन्य जीवन का अनुभव देना, अनुशासन सिखाना, राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और सेना में भविष्य के लिए तैयार करना है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने कैडेट्स को शिविर में भाग लेने के लिए बधाई दी एवं अन्य कैडेट्स को भविष्य में इस तरह के शिविरों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण : 18/11/2025

377. पंजाब केसरी : 18/11/2025

## युवा महोत्सव में विक्रम बतरा कालेज द्वितीय



युवा महोत्सव में भाग लेने वाली छात्राएं प्राध्यापकों के साथ • सौजन्य महाविद्यालय

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर के विद्यार्थियों ने 12 से 15 नवंबर तक राजकीय महाविद्यालय ऊना में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव (समूह तृतीय) में शानदार प्रदर्शन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि व सदस्यों को भी बधाई दी। विजेता टीम में लक्ष्मी, दिव्यांशी, मुस्कान, पल्लवी, सविता ,पायल, नेहा, प्रिया, स्नेहा, रायशा, कृतिका, सुहानी, अंशिता व आर्यन शामिल रहे। (संस)

## युवा महोत्सव में बतरा महाविद्यालय द्वितीय



*पालमपुर : विजेता विद्यार्थी प्राचार्य के साथ सामूहिक चित्र में। (भृगु)*

पालमपुर, 17 नवम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने राजकीय महाविद्यालय ऊना में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय युवा महोत्सव समूह तृतीय में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश भर के 44 महाविद्यालयों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता में पालमपुर टीम ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रोफैसर पंकज सूद ने टीम की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और मार्गदर्शकों के उत्कृष्ट निर्देशन का परिणाम है। उन्होंने सांस्कृतिक समिति की समन्वयक प्रोफैसर कल्पना ऋषि तथा समस्त सदस्यों को बधाई दी। विजेता टीम में लक्ष्मी, दिव्यांशी, मुस्कान, पल्लवी, सविता, पायल, नेहा, प्रिया, स्नेहा, रायशा, कृतिका, सुहानी, अंशिता और आर्यन शामिल रहे।

Scanned with OKEN Scanner

The Tribune : 20|11|2025

# HPU inter-college women's volleyball tournament opens in Palampur

RAVINDER SOOD

PALAMPUR, NOVEMBER 19

The Himachal Pradesh University Inter-College Women's Volleyball Tournament kicked off on Wednesday at Shaheed Capt Vikram Batra Government College, Palampur. Sixteen teams from HPU-affiliated colleges are competing for top honours. The three-day event will conclude on November 21.



Palampur MLA Ashish Butail with the players at the tournament.

MLA Ashish Butail inaugurated the tournament as the chief guest. Congratulating the college for hosting a major women's sports event, he praised both the institution and Himachal Pradesh University for strengthening the culture of competitive sports in the state. Highlighting how sports nurture discipline, confidence and teamwork, he wished all teams an inspiring and memorable tournament.

He also reiterated the state government's strong anti-drug campaign, noting that active engagement in sports remains one of the most effective shields against substance abuse. As a gesture of encouragement, he announced Rs 20,000 for students participating in cultural activities.

Principal Pankaj Sood welcomed the chief guest, university observer, officials, contingent in-charges, players and dignitaries, expressing pride in hosting the HPU-level event. He urged participants to uphold fairness and sportsmanship throughout the competition.

Scanned with OKEN Scanner

पंजाब केसरी 20/11/2025

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण : आशीष

## हिमाचल विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला वालीबाल प्रतियोगिता आरंभ

पालमपुर, 19 नवम्बर (गौरव): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज महिला वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को हुआ। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 16 टीमें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता 21 नवम्बर तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

आशीष बुटेल ने महिला खेल आयोजनों को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल युवा महिलाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिक कार्यशैली का विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं देते हुए युवाओं को नशे से दूर रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए 20 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। उद्घाटन समारोह के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य पंकज सूद ने मुख्य अतिथि, विश्वविद्यालय पर्यवेक्षक, अधिकारीगण, दल प्रभारी, खिलाड़ियों एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता का समन्वयन आयोजन सचिव डॉ. खुशी आर. भगत द्वारा किया जा रहा है।

## पहले दिन धर्मशाला की टीम ने ननखड़ी को हराया

पालमपुर, 19 नवम्बर (भृगु): शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज महिला वालीबाल प्रतियोगिता के प्रथम दिन कुछ मैच खेले गए। बुधवार का मुकाबला धर्मशाला कॉलेज और ननखड़ी के बीच रहा जिसमें धर्मशाला की टीम विजेता बनी। वहीं बंगाणा और आर.के.एम.वी. शिमला के मध्य खेले गए मैच में आर.के.एम.वी. शिमला ने जीत दर्ज की। जबकि सोलन और जयसिंहपुर के बीच मैच हुआ जिसमें सोलन की टीम जीती। एच.पी.यू. शिमला और बिलासपुर के बीच मैच हुआ जिसमें एच.पी.यू. की टीम जीती। के.एल.बी. पालमपुर और संजौली कॉलेज के बीच मैच हुआ जिसमें संजौली की टीम जीती।




पालमपुर: शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज महिला वालीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान संबोधित करते विधायक आशीष बुटेल, के.एल.बी. कॉलेज प्राध्यापक डॉ आर. राणा व अन्य उपस्थित रहे। (गौरव)

Scanned with OKEN Scanner

DATE

दैनिक जागरण :-
20/11/2025

384. हिमाचल दस्तक :-
20/11/2025

# धर्मशाला, आरकेएमवी, सोलन एचपीयू और संजौली जीते

**पालमपुर कालेज में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की अंतर महाविद्यालय महिला वालीबाल प्रतियोगिता शुरू**

संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) शिमला की अंतर महाविद्यालय महिला वालीबाल प्रतियोगिता का बुधवार को आरंभ हुआ। यह प्रतियोगिता 19 से 21 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें एचपीयू से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की 16 टीमों के लगभग 170 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता के पहले दिन सात मुकाबले हुए। धर्मशाला और बनखंडी के बीच मुकाबले में धर्मशाला टीम विजेता, बंगाणा और आरकेएमवी में आरकेएमवी विजेता, सोलन और जयसिंहपुर के बीच सोलन विजेता, एचपीयू शिमला और बिलासपुर के बीच एचपीयू विजेता व केएलबी पालमपुर और संजौली के बीच संजौली की टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता का उद्घाटन स्थानीय विधायक आशीष बुटेल ने मुख्यातिथि के रूप में किया। महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए ऐच्छिक निधि से 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। एचपीयू पर्यवेक्षक डा. भूपेंद्र ठाकुर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजक सचिव डा. खुशी राम भगत ने कहा कि भविष्य में भी यहां महिला वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। उपप्राचार्य प्रो. कल्पना ऋषि ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया। हिलदारी संस्था के सहयोग से महाविद्यालय ने इस पूरे आयोजन को जीरो वेस्ट संकल्प के साथ पूरा करने का बीड़ा उठाया है।

## इंटर कॉलेज महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज पालमपुर में प्रदेश विवि इंटर कॉलेज महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। हिमाचल प्रदेश विवि से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की कुल 16 टीमें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो 19 से 21 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने मुख्यअतिथि के रूप में किया। उन्होंने सभी प्रतिभागी टीमों को नशे से दूर रखने में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले छात्रों के लिए 20 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि की घोषणा की। समारोह के दौरान प्राचार्य पंकज सूद ने खिलाड़ियों को पूरे उत्साह, निष्पक्षता और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का समन्वयन आयोजन सचिव डॉ. खुशी आर. भगत ने किया।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण : 22/11/2025

# धर्मशाला वालीबाल स्पर्धा का विजेता

## पालमपुर कालेज में अंतर महाविद्यालय महिला वालीबाल प्रतियोगिता का समापन




अंतर महाविद्यालय की वालीबाल की विजेता टीम मुख्यातिथि के साथ • जागरण

**संवाद सहयोगी, जागरण • पालमपुर :** बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में तीन दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की अंतर महाविद्यालय महिला वालीबाल प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रथम स्थान राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला ने, द्वितीय स्थान राजकीय महाविद्यालय संजौली और तृतीय स्थान राजकीय महाविद्यालय रामपुर ने हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश विश्वविद्यालय से संबद्ध 16 महाविद्यालयों की 170 खिलाड़ियों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्यातिथि नगर निगम पालमपुर के महापौर गोपाल नाग रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। महापौर ने कहा कि छात्राओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं और नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सफलतापूर्वक आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन को भी बधाई दी। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक डा. भूपेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहे। आयोजक सचिव डा. खुशी राम भगत ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और कहा कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। समारोह का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

# वूमन अंडर-23 एलीट टूर्नामेंट के लिए हिमाचल की टीम घोषित

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** बीसीसीआइ वूमन अंडर-23 एलीट टूर्नामेंट के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) टीम का चयन किया गया। टीम कप्तान नैंसी की अगुवाई में पहला टी-20 मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ 24 नवंबर को छत्तीसगढ़ में खेलेगी। दूसरा मैच विधर्व के विरुद्ध 25 नवंबर को, तीसरा मैच छत्तीसगढ़ के विरुद्ध 27 नवंबर को, बिहार के विरुद्ध चौथा मैच 29 नवंबर को तथा दिल्ली के खिलाफ पांचवां मैच पहली दिसंबर को खेलेगी। यह जानकारी एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने दी। उन्होंने बताया कि एचपीसीए की टीम में बिलासपुर जिला से इशानी, शिवाली, चंबा से कप्तान नैंसी शर्मा, कशिका ठाकुर, कांगड़ा से अहाना शर्मा, धन्या लक्ष्मी, किन्नौर की अंशिका सिंह सैनी, कुल्लू की अंशिका ठाकुर, मंडी की साक्षी, शिमला की दिव्यांशी वर्मा, हिमांशी मेहता, मनीषा रावत, वैशवी, सिरमौर की पारखी ठाकुर, सोलन की इमानी रेयानी नेगी, रिंकल पांडे व ऊना की अंशिता संदल शामिल हैं। योगेंद्र पुरी टीम के कोच हैं।

The Tribune
23/11/2025

# Dharamsala Govt College lifts women's volleyball trophy

PALAMPUR, NOVEMBER 22

The Himachal Pradesh University Inter-College Women's Volleyball Tournament concluded with sportsmanship and competitive spirit at Shaheed Captain Vikram Batra Government College, Palampur, on Saturday.

In the final, Government College, Dharamsala, defeated Government College, Sanjauli, 3-0 to lift the trophy. Government College, Rampur, secured the third position.

Gopal Nag, Mayor of the Palampur Municipal Corporation, congratulated all participating teams for their dedication, discipline and enthusiasm. He emphasised the importance of sports in shaping the life of youths, building confidence and promoting a healthy lifestyle. He appreciated the college for successfully hosting a well-organised tournament and encouraged students to continue excelling in academics and sports alike.

Principal Pankaj Sood expressed pride in hosting this prestigious HPU event. He highlighted the commitment of the college to promote women's sports and providing a platform to young athletes to showcase their talent. He congratulated the winning teams and appreciated the tireless efforts of faculty members, student volunteers and the organising committee. — OC

classmate

Scanned with OKEN Scanner

91. दिव्य हिमाचल :- 27/11/2025

392. अमर उजाला :- 27/11/2025

## बतरा कालेज में महिला सशसक्तिकरण पर जगाया अलख

पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ तथा करियर काउंसिलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की सहभागिता से आरबीआई शिमला द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण एवं भागीदारी को बढ़ाने तथा नौकरी के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक किया। आरबीआई शिमला के सहायक प्रबंधक आनंद ने आरबीआई की कार्यप्रणाली व महिलाओं के प्रति सजगता से अवगत करवाया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने छात्राओं के लिए इस कार्यक्रम को महत्वपूर्ण व स्वावलंबन के लिए अति आवश्यक बताया। महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रोफेसर कल्पना ऋषि ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया तथा इस आयोजन को छात्राओं के सशक्तिकरण के लिए एक अहम उपलब्धि बताया।

## महिलाओं को सशक्तीकरण पर किया जागरूक

पालमपुर (कांगड़ा)। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ और कॅरिअर काउंसलिंग गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की सहभागिता से आरबीआई शिमला की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को सशक्तीकरण एवं भागीदारी को बढ़ाने सहित नौकरी के विभिन्न अवसरों के प्रति जागरूक किया गया। आरबीआई के सहायक प्रबंधक आनंद ने आरबीआई की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्राओं के लिए कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। प्रकोष्ठ की समन्वयक प्रो. कल्पना ऋषि ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता सरोच, प्रो. मनीषा, प्रो. सुनीता, प्रो. पूनम, प्रो. पूजा, प्रो. किरण, प्रो. भावनिका मौजूद रहीं। संवाद

3. दैनिक भास्कर :- 28/11/2025

## अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों को जिम्मेदारी के साथ अपनाएं: पंकज सूद

पालमपुर | बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में संविधान दिवस को भारतीय संविधान की स्वीकृति को स्मरण करने और छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने संविधान की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए छात्रों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों को जिम्मेदारी के साथ अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान के छात्रों द्वारा युवा संसद का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने राष्ट्रीय मुद्दों पर आत्मविश्वास के साथ चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की झलक दिखाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा तैयार की गई रचनात्मक प्रदर्शनी रही, जिसमें संविधान आधारित विषयों पर मॉडल मेकिंग, पेंटिंग और क्ले मोल्डिंग प्रदर्शित की गईं।

classmate



Scanned with OKEN Scanner

DATE

S. हिमाचल दस्तक :

28/11/2025

# कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज में मनाया संविधान दिवस

हिमाचल दस्तक ■ पालमपुर

शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने 26 नवंबर को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ मनाया। इस दिन को भारतीय संविधान की स्वीकृति को स्मरण करने और छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने अपने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी संबोधन में संविधान की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए छात्रों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों को जिम्मेदारी के साथ अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संविधान दिवस की अनुपालना के लिए शपथ दिलवाई। राजनीति विज्ञान विभाग की सहचार्य डॉ शैलजा वासुदेवा ने मौलिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये अधिकार प्रत्येक नागरिक के लिए समानता, न्याय और स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा तैयार की गई रचनात्मक प्रदर्शनी रही, जिसमें संविधान आधारित विषयों पर मॉडल मेकिंग, पेंटिंग और क्ले मोल्डिंग प्रदर्शित की गई। डॉ. शैलजा वासुदेवा ने सभी का धन्यवाद करते हुए कहा कि छात्रों के प्रयासों, रचनात्मकता और टीमवर्क में सच्ची देशभक्ति और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की गहरी समझ दिखाई दी।

Scanned with OKEN Scanner

दैनिक जागरण ! -
28/11/2025

397. बढ़िया हिमाचल ! -
28/11/2025

# पालमपुर कालेज में कर्तव्य की शपथ दिलाई



बतरा कालेज पालमपुर में कार्यक्रम के बाद स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी • जागरण

पालमपुर : बलिदानी कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने राजनीतिक विज्ञान विभाग की सौजन्य से संविधान दिवस मनाया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी संबोधन में संविधान की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए छात्रों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों को जिम्मेदारी के साथ अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संविधान दिवस की अनुपालना की शपथ दिलवाई। राजनीतिक विज्ञान विभाग की सह आचार्य डा. शैलजा वासुदेवा ने मौलिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। राजनीतिक विज्ञान के छात्रों ने युवा संसद का आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजनीतिक विज्ञान विभाग के छात्रों की ओर से तैयार की गई रचनात्मक प्रदर्शनी रही। इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा। (संस)

# छात्रों को मौलिक कर्त्तव्यों को अपनाने का दिया संदेश



पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर ने 26 नवंबर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा संविधान दिवस बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ मनाया। इस दिन को भारतीय संविधान की स्वीकृति को स्मरण करने और छात्रों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने अपने ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी संबोधन में संविधान की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए छात्रों को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों को जिम्मेदारी के साथ अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संविधान दिवस की अनुपालना हेतु शपथ दिलवाई। राजनीति विज्ञान विभाग की सहचार्य डा. शैलजा वासुदेवा ने मौलिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ये अधिकार प्रत्येक नागरिक के लिए समानताए न्याय और स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने छात्रों को रोजमर्रा के जीवन में लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राजनीति विज्ञान विभाग के छात्रों द्वारा तैयार की गई रचनात्मक प्रदर्शनी रही, जिसमें संविधान आधारित विषयों पर मॉडल मेकिंग, पेंटिंग और क्ले मोल्डिंग प्रदर्शित की गईं।

Scanned with OKEN Scanner

DATE

दिव्य हिमाचल :- 30/11/2025

# पालमपुर कालेज में पुस्तकालय अध्यक्ष श्यामा आजाद सेवानिवृत्त



**पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में पुस्तकालय अध्यक्षा श्यामा आजाद सेवानिवृत्त हो गई। इस अवसर पर स्टाफ सेक्रेटरी राजीव भोरिया ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व बताया तथा उनके जीवन परिचय, शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत प्रो. कल्पना ऋषि, डा. मीनाक्षी, डा. अमरजीत कुमारी, मधुबाला व शशि आदि ने श्यामा आजाद के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व की प्रशंसा की। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने उन्हें बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यातिथि ने अपने अभिभाषण में सभी जनों के सहयोग और आत्मीयता के प्रति कृतज्ञता दर्शाते हुए अपने लगभग 28 वर्षीय कार्यकाल के विभिन्न अनुभवों को सबके साथ सांझा किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि को शॉल, टोपी पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

Scanned with OKEN Scanner